दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी
वर्ष 15 /अंक 32 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, शनिवार, 01 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.



भाजपा के लिए नागफांस बनते राहुल गांधी
ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 का ट्रेलर रिलीज

# इस बार हमारा मिशन 156 सीट हासिल करने का है: अशोक गहलोत

**जयपुर, (भाषा)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में एक बार फिर कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस बार वह मिशन 156 लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही गहलोत ने पंजाब में अलगाववादी अमृतापाल से जुड़े घटनाक्रम के लिए भाजपा व आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की सोच पर निशाना साधा।



राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन क्या कांग्रेस यहां लगातार दुबारा सरकार बना पाएगी? यह पूछे जाने पर गहलोत ने भरतपुर में संवाददाताओं से कहा, इस बार तो मिशन 156 (सीट) ... पहली बार जब मैं मुख्यमंत्री बना तो हम 156 सीट जीतकर आए थे, इस बार भी मैं मिशन-156 की बात कर रहा हूं। अपनी सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं व बजट की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने विश्वास जताया कि मतदाता एक बार फिर कांग्रेस को मौका देंगे। उन्होंने कहा कि हमने अपने अब तक के कार्यकाल में कोई कर नहीं लगाया और महंगाई के जमाने में लोगों को राहत दे रहे हैं।

इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गहलोत ने पंजाब में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह को लेकर भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सोच पर निशाना साधा और कहा कि हमें देश की चिंता करनी चाहिए। गहलोत ने कहा, देश हित में यही है कि अगर आप सब धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर चलेंगे तो यह देश एकजुट और अखंड रहेगा। एक नया आदमी अमृतपाल सिंह आ गया है जो कह रहा है कि अगर मोहन भागवत व नरेंद्र मोदी हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं तो मैं खालिस्तान की बात क्यों नहीं करूं। उसकी ऐसी हिम्मत क्यों हुई है ... आप हिंदू राष्ट्र की बात कैसे कर सकते हैं। गहलोत ने कहा कि धर्म के नाम पर लोगों को खुश करना आसान काम होता है। इसी तरह आग लगाना बड़ा आसान काम होता है, आग को बुझाने में वक्त लगता है। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, यह देश के लिए बहुत खतरनाक बात है। ऐसी बात पहली बार कोई बोला है। हमें मुल्क के भविष्य की चिंता करनी चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं से धैर्य रखने व मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए गहलोत ने कहा, आपको लगातार पार्टी का सहयोग मजबूती से करना है। मैं फिर कहना चाहूंगा कि हर पार्टी में छोटे-मोटे मतभेद होते हैं, हर पार्टी की कुछ शिकायतें भी होती हैं। हमें सब मालूम है।

गहलोत ने कहा कि वह जिंदगी भर कांग्रेस संगठन में रहे हैं और उनसे ज्यादा संगठन के मर्म को कोई नहीं समझ सकता। स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) विधेयक के खिलाफ निजी अस्पतालों व चिकित्सकों की हड़ताल पर गहलोत ने कहा कि चिकित्सकों को अपनी हड़ताल समाप्त करनी चाहिए और उनकी सोच सही नहीं है। गहलोत ने कहा, मैं उनसे आग्रह करूंगा कि आपका यह तरीका गलत है। लोगों में आक्रोश है, हम निजी अस्पतालों को सब तरह से समर्थन करना चाह रहे हैं।

## राजकुमार विश्वकर्मा उप्र पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी बने



**लखनऊ, (भाषा)।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वर्ष 1988 बैच के अधिकारी राजकुमार विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश का कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान (1988 बैच) की जगह विश्वकर्मा को तैनात किया गया है। वरिष्ठता क्रम में 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी मुकुल गोयल के बाद उत्तर प्रदेश कैडर में दूसरे नंबर के वरिष्ठ अधिकारी आरके विश्वकर्मा का कार्यकाल 31 मई, 2023 तक है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मूल निवासी विश्वकर्मा अभी पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक व चेयरमैन पद पर तैनात हैं। सूत्रों ने बताया कि विश्वकर्मा ने कार्यवाहक डीजीपी का भी कार्यभार संभाल लिया है।

## जम्मू कश्मीर: सोशल मीडिया से संबंधित पत्रकार पर हमले के मामले में दो आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर, (भाषा)।** सोशल मीडिया से संबंधित एक पत्रकार पर पिछले साल हमला किए जाने के मामले में द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के दो हाइब्रिड आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच के दौरान एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया, जिसने मौखिक, पारिस्थितिजन्य और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया। प्रवक्ता ने कहा कि पूछताछ में शोपियां के सैदापुरा पईन गांव निवासी सुहैब रियाज और अनायत उल्लाह इकबाल नामक दो संदिग्धों ने आतंकी हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने कहा कि यह भी पता चला है कि ए दोनों लोग लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े प्रतिबंधित आतंकी समूह टीआरएफ के हाइब्रिड आतंकवादियों के रूप में काम कर रहे थे। प्रवक्ता ने कहा कि उनके खुलासे पर सैदापुरा पईन के बागों से हमले में इस्तेमाल हथियार- एक पिस्तौल, इसकी मैगजीन और पिस्तौल के पांच कारतूस तथा एक आईईडी बरामद किया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑस्कर विजेता वृतचित्र द एलीफेंट व्हिस्परर्स की टीम से मुलाकात की



**नईदिल्ली, (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले वृत्तचित्र द एलीफेंट व्हिस्परर्स के निर्माण से जुड़ी टीम के सदस्यों से मुलाकात की।

राष्ट्रपति भवन ने चित्र के साथ एक ट्वीट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑस्कर विजेता वृतचित्र द एलीफेंट व्हिस्परर्स के निर्माताओं गुनीत मोंगा और कार्तिकी गोंजाल्विस से मुलाकात की।

उन्होंने पुरस्कार जीतने के लिए इन्हें बधाई दी और प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्वक रहने और भारतीय परंपराओं के संरक्षण को प्रदर्शित करने के लिए उनकी सराहना की। द एलीफेंट व्हिस्परर्स ने 95वें अकादमी पुरस्कारों में डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बनकर इतिहास रच दिया था।

एक दिन पहले ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी द एलीफेंट व्हिस्परर्स के निर्माण से जुड़ी टीम के सदस्यों से मुलाकात की थी।

## सरकार कोविड संबंधी हालात पर नजर रख रही, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी पर नजर रख रही है और हर प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।



केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार-पांच दिन में संक्रमण से तीन मरीजों की मौत हुई है और ए लोग पहले से ही किसी अत्यंत गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। उन्होंने कहा कि आकलन में पता चला है कि संक्रमित लोगों की मौत अन्य गंभीर बीमारियों के कारण हुई और उनकी मौत का मुख्य कारण कोविड नहीं था, लेकिन इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। केजरीवाल ने कोविड संबंधी हालात पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि चिंता करने की अभी कोई आवश्यकता नहीं है और शहर की सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार कोविड-19 संबंधी स्थिति पर नजर रखे हुए है और वह किसी भी प्रकार की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 295 नए मामले सामने आए थे और संक्रमण की दर 12.48 प्रतिशत रही। दिल्ली में पिछले साल 31 अगस्त के बाद एक दिन में सबसे अधिक 300 मामले बुधवार को सामने आए थे और दो लोगों की मौत हुई थी। संक्रमण दर 13.89 प्रतिशत दर्ज की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नमूने कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं, उन्हें जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा जा रहा है, ताकि किसी भी नए स्वरूप के बारे में समय पर पता लग सके।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## कर्नाटक का 'कोटावादी' चुनाव

कर्नाटक में चुनाव की तारीख घोषित हो चुकी है। 10 मई को एक ही चरण में मतदान होगा और 13 मई को जनादेश सार्वजनिक कर दिया जाएगा। पहली अग्निपरीक्षा भाजपा की है, क्योंकि वह सत्तारूढ़ है। दक्षिण भारत में पार्टी के विस्तार और चुनावी स्वीकृति के लिए यह चुनाव जीतना अनिवार्य है। सीधा मुकाबला कांग्रेस से है, जो यह चुनाव जीत कर अपनी प्रासंगिकता साबित करना चाहेगी और भाजपा का एक दुर्ग ढहा कर 2024 के लिए अपनी दावेदारी और मानसिक तैयारी मजबूत करना चाहेगी। कर्नाटक 2023 का बड़ा राज्य है, जहां 224 विधानसभा सीटों के लिए जनादेश प्राप्त करना है और 28 लोकसभा सीटों की ज़मीन तैयार करनी है। भाजपा और कांग्रेस की पहली कोशिश स्पष्ट जनादेश लेने की होगी, लेकिन यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि जद-एस भी चुनावी मैदान में है। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा करीब 90 साल के हो चुके हैं, लिहाजा इसे अपना आखिरी चुनाव बता रहे हैं। लोगों की संवेदनाएं उनसे भी जुड़ी हैं। वैसे 1985 के बाद से कर्नाटक में सत्ता पक्ष की वापसी नहीं हुई है। हिमाचल में नाकामी के बाद भाजपा कर्नाटक में भी 'रिवाज़ बदलने' पर आमादा है। चूंकि मौजूदा बोम्मई सरकार के खिलाफ कोई लहर-सी स्थिति नहीं है, लिहाजा भाजपा की रणनीति में जातीय आरक्षण ऐसा मुद्दा है, जिसके जरिए ध्रुवीकरण के हालात पैदा किए जा सकते हैं। मौजूदा भाजपा सरकार ने दलितों का आरक्षण 15 फीसदी से बढ़ा कर 17 फीसदी और अनुसूचित जनजाति का कोटा 5 फीसदी से 7 फीसदी किया है। बीते शुक्रवार मुसलमानों का कोटा 4 फीसदी कम कर दिया गया।

यह कोटा कर्नाटक के ताकतवर और आर्थिक रूप से समृद्ध जातीय समूहों-लिंगायत और वोक्कालिंगा-में बांट दिया गया है। इन समूहों का ओबीसी आरक्षण के तहत पहले से ही कोटा तय है। भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा लिंगायतों के कद्दावर, स्वीकृत नेता हैं। यकीनन सरकार के इन फैसलों से कर्नाटक का जातीय संतुलन जरूर गड़बड़ाएगा, लिहाजा असंतोष और विरोध-प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री आवास पर पथराव तक किया जा चुका है। हालांकि मुसलमानों को ईडब्ल्यूएस वर्ग में आर्थिक आरक्षण के तहत कोटा मिलता रहेगा। कर्नाटक में लिंगायत 17 फीसदी हैं और वोक्कालिंगा 15 फीसदी हैं। ओबीसी करीब 35 फीसदी हैं। भाजपा की रणनीति इन जातीय समूहों के अधिकतम वोट हासिल करने की है। उनके जरिए वह कमोबेश 125 सीटें जीतने के गणित पर काम कर रही है। हालांकि उसका चुनावी लक्ष्य 150 से अधिक सीटें जीतने का है। भ्रष्टाचार, विकास, धर्मांतरण, ध्रुवीकरण, महंगाई, राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, बेरोजग़ारी आदि भी प्रासंगिक चुनावी मुद्दे रहेंगे, लेकिन जातीय आरक्षण सबसे संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि यह आम आदमी के हितों और बहुआयामी भविष्य से जुड़ा है। भाजपा ने 2019 में कांग्रेस-जद (एस) की साझा सरकार में तोडफ़ोड़ कर, विधायकों के पालाबदल करा अपनी सरकार बनाई थी, तो उसने सांप्रदायिकता के साथ-साथ जातीय आरक्षण के मुद्दे को भी उबाले रखा। हिजाब, धर्मांतरण और टीपू सुल्तान की विरासत के जरिए ध्रुवीकरण को भी जिंदा रखा। इस तरह भाजपा हिंदू वोट बैंक को एकजुट रखना चाहती थी और विभिन्न जातीय समूहों के वोट को बांट देना चाहती थी।

# भाजपा के लिए नागफांस बनते राहुल गांधी

निशिकांत ठाकुर



जब से जीवन में देश की राजनीति के संबंध में कुछ जानने-समझने की क्षमता विकसित हुई, तभी से देखता—सुनता आ रहा हूं कि 'विपक्षी दलों के हंगामों के बीच संसद आज भी नहीं चली।' लेकिन, आज जो कुछ सुन, पढ़ और देख रहा हूं, वह यह कि 'सत्तारूढ़ दल के हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही नहीं चली।' देश में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है जब सत्तारूढ़ भाजपा सांसदों और मंत्रियों ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लंदन के कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए गए भाषण को विदेश की धरती पर देश का अपमान मानकर उन्हें संसद से निष्कासित अथवा माफी मांगने के मुद्दे पर हंगामा होता रहा। राहुल गांधी ने कहा कि 'शायद महिलाओं को गैस सिलिंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा क़दम है। ऐसे क़दम को ग़लत नहीं कहा जा सकता, लेकिन मेरे विचार में मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं। वह भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं, जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता।' राहुल बोले, 'भारत राज्यों का संघ है। भारत में धार्मिक विविधता है। यहां सिख, मुस्लिम, ईसाई सभी हैं, लेकिन मोदी इन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक समझते हैं। मैं इससे सहमत नहीं हूं। जब आपका विरोध इतना बुनियादी हो तो फ़र्क़ नहीं पड़ता कि आप किन दो—तीन नीतियों से सहमत हैं।' राहुल ने यह बात उस सवाल के जवाब में कही, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या आप नरेन्द्र मोदी की उन अच्छी नीतियों के बारे में बता सकते हैं जो भारत के हित में हैं? राहुल गांधी ने कैमब्रिज यूनिवर्सिटी में 'लर्निंग टू लिस्निंग', यानी सुनना सीखने के विषय पर छात्रों को लेक्चर दे रहे थे।

वहीं, विपक्षी कांग्रेस अन्य सोलह दल अदाणी-हिंडनवर्ग मामले के लिए जेपीसी का गठन करके जांच कराने की मांग कर रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश की धरती पर भारत के लिए अपमानजनक जो बात कहते रहे है, उसके लिए वह भी माफी मांगें। राहुल गांधी कहते हैं कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनते ही देश और विदेश में कहना शुरू किया कि पिछले सत्तर वर्षों में कांग्रेस ने देश के लिए कुछ नहीं किया। तो क्या यह भारत की तीन पीढ़ियों का अपमान नहीं है? यही नहीं चीन, दोहा और कई देशों सहित दक्षिण कोरिया के दौरे पर वर्ष 2015 में जब वह गए थे, तो उन्होंने सियोल में अप्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा था, 'पहले मुझे और तमाम लोगों को शर्म आती थी कि कैसा देश है यह, जहां हम पैदा हो गए। जरूर पिछले जन्म में कोई पाप किया होगा, लेकिन अब हमें गर्व है।' सियोल में दिए गए भाषण को लेकर पीएम मोदी के खिलाफ सीएमएम कोर्ट कानपुर में परिवाद भी दाखिल किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय राजनीति, ख़ासतौर पर विपक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों पर अब फिर से बहस छिड़ गई है। 6 जून, 2016 को क़तर की राजधानी दोहा में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने फिर से विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था, 'मुझे दिक्कतें आई हैं, क्योंकि मैंने लोगों की मिठाइयां बंद करवा दी हैं और सरकारी स्कीमों और परियोजनाओं में धांधलियां रुकवाने से सालाना 36,000 करोड़ रुपये की बचत हो रही है, लेकिन अभी हमने भ्रष्टाचार की ऊपरी सतह को ही साफ़ किया है और भीतर से सफ़ाई अभी शेष है।' प्रधानमंत्री के इस बयान की कांग्रेस ने निंदा की थी और कहा था कि विदेश में भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा विपक्ष की लगातार निंदा करते रहना, अब निराशाजनक होता जा रहा है।

देश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों का कहना है कि राहुल गांधी ने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में ऐसी कोई बात नहीं कही, जिससे ऐसा लगता हो कि उन्होंने वहां भारत का अपमान किया। संसद में छह मंत्रियों और सत्तारूढ़ सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ जो आरोप लगाए हैं, उन आरोपों का जवाब देना तो निश्चित रूप से राहुल गांधी के लिए बनता है; क्योंकि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और उसकी मर्यादा का तो सभी को पालन करना ही होगा, लेकिन यदि सच में विदेशी धरती पर भारत की गरिमा को राहुल गांधी ने आहत किया है, तो निश्चित रूप से उसके लिए पहले एक सशक्त विश्वसनीय टीम का गठन करके उनकी सत्यता को परखना ही पड़ेगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो भारतीय लोकतंत्र से आमलोगों का विश्वास घट जाएगा। इसलिए आमलोगों के बीच और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर यह विवाद छिड़ा हुआ है कि राहुल गांधी के इस मुद्दे को इतना तूल क्यों दिया जा रहा है? जवाब में कहा जाता है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है।

उत्तराखंड प्रहरी कविता

## तू अपनी खूबियां ...

तू अपनी खूबियां ढूंढ
खामियां निकालने के लिए लोग हैं न

अगर रखना है कदम तो आगे रख
पीछे खींचने के लिए लोग हैं न

सपना देखना है तो ऊँचा देख
नीचा दिखाने के लिए लोग हैं न

प्यार करना है तो खुद से कर
नफरत करने के लिए लोग हैं न

तू अपनी अलग पहचान बना
भीड़ में चलने के लिए लोग हैं न

तू कुछ करके दिखा दुनिया को
तालियां बजाने के लिए लोग हैं न

मुझे नहीं पता कि ये लाइनें किसने लिखी है।
पर जिन्होंने भी लिखी हैं उनको मेरा दिल से धन्यवाद।



**जोत सिंह बिष्ट,**
प्रदेश संयोजक, आम आदमी पार्टी (उत्तराखंड)

# आगामी चुनाव और विपक्ष की रणनीति

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

लोकसभा का आगामी चुनाव अत्यन्त महत्वपूर्ण होता जा रहा है। देश में भी और विदेश में भी। उसका कारण है। आज तक देश में तीन प्रकार की सरकारें रही हैं। कांग्रेस द्वारा अपनी कार्यकारिणी में भारत के विभाजन के पक्ष में प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त, ब्रिटिश सरकार ने भारत को डोमीनियन का दर्जा देना स्वीकार कर लिया था और उस डोमिनियन की कमान पंडित जवाहर लाल नेहरू को सौंप दी थी। लेकिन यह ध्यान रखा कि डोमीनियन का गवर्नर जनरल अभी भी ब्रिटिश सरकार का प्रतिनिधि लार्ड माऊंटबेटन ही रहे। इसका ब्रिटिश सरकार को लाभ यह हुआ कि माऊंटबेटन ने जम्मू कश्मीर का बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में करवा दिया, मामला सुरक्षा परिषद में लटका दिया जिसके कारण देश के संविधान में अनुच्छेद 370 ने जन्म ले लिया। यह कांग्रेस की पहली सरकार थी, जिसने देश के लिए भावी रणनीति तय कर दी थी। कांग्रेस की यह सरकार मोटे तौर पर 1947 से लेकर 1997 तक चली। बीच में तीन-चार साल गैर कांग्रेसी सरकारें रहीं, लेकिन वे सरकारें तकनीकी तौर पर ही गैर कांग्रेसी कही जा सकती हैं क्योंकि वे सरकारें भी मोटे तौर पर व्यक्तिगत कारणों से कांग्रेस से रूठे हुए कांग्रेसियों की ही सरकारें थीं। इसलिए देश के शासन में किन्हीं नीतिगत परिवर्तनों की आशा नहीं की जा सकती थी। सरकार की देश को लेकर सोच और दिशा वही रही जो पंडित जवाहर लाल नेहरू और लार्ड माऊंटबेटन तय कर गए थे।

यही कारण था कि पाकिस्तान बार-बार भारत पर हमले करता रहा, भारतीय सेना शौर्य का प्रदर्शन कर रही थी, लेकिन सरकारें मेज पर सेना की जीत को हार में बदलती रहीं। चीन ने भारत के बड़े क्षेत्र पर कब्जा कर लिया और भारत सरकार फिर भी उसे संयुक्त राष्ट्र संघ में वीटो पावर दिलवाने के लिए दिन-रात एक करती रही। 1998 से लेकर 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सरकार रही। परन्तु वह चौबीस परस्पर विरोधी दलों की सरकार थी। अगले दस साल तक पुनः कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभाले रखी। लेकिन यह भी तकनीकी तौर पर ही कांग्रेस की सरकार कही जा सकती थी। वास्तव में यह सोनिया माईनो गान्धी, जिसने खाँटी कांग्रेसी सीता राम केसरी को बैठक में से धक्के मार कर बाहर निकाल दिया था, की सरकार ही थी जो वह अपने दरबारियों जिन्हें नैशनल कौंसिल का नाम दे रखा था, के माध्यम से चला रही थीं। लेकिन भारतीय संविधान में सरकार के मुखिया को प्रधानमंत्री कहा जाता है, इसलिए उस पद पर मनमोहन सिंह जी को बिठा रखा था। इसलिए यदि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के छह साल निकाल दिए जाएं तो 1947 से लेकर 2014 तक कांग्रेस के लोगों की सरकार ही रही। ये सरकारें चीन, अमेरिका और पाकिस्तान को बहुत ही मुफीदकारी लगती थीं। सोनिया माईनो गान्धी की सरकार तो वैटिकन के राष्ट्रपति को एक प्रकार से अपनी ही सरकार लगती थी। यही कारण था कि उन दिनों चर्च हर रोज़ दिवाली मनाता था। इन सरकारें ने मानसिक रूप से ही तय कर रखा था कि देश को विश्व राजनीति के पिछवाड़े में ही रखना है। आर्थिक नीतियां इस प्रकार की रखी जाएं कि औद्योगीकरण में देश रेंगता रहे। जहां तक देश की सांस्कृतिक पहचान का प्रश्न था, इन सरकारों का निश्चित मत था कि देश की संस्कृति ही देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। यह देश का मानसिक पिछड़ापन है। इसलिए ये सरकारें भारत के विसंस्कृतिकरण को नीति का हिस्सा बनाती थीं।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दी सौगात, 182 करोड़ की चार परियोजनाओं का किया शिलान्यास

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया ने 1२4.10 करोड़ की लागत से दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के ब्लॉक का निर्माण, रुद्रप्रयाग में २0.38 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में 18.80 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक और हल्द्वानी में 19.48 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण का शिलान्यास किया।






**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य योजनाओं को मोदी सरकार मदद देगी। उन्होंने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मिलकर राज्य को स्वास्थ्य क्षेत्र की 180 करोड़ की चार परियोजनाओं की सौगात दी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मांडविया ने 124.10 करोड़ की लागत से दून मेडिकल कॉलेज में 500 बेड के ब्लॉक का निर्माण, रुद्रप्रयाग में 20.38 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में 18.80 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक और हल्द्वानी में 19.48 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया जोशीमठ से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। मांडविया ने कहा कि यदि राज्य सरकार केंद्र की ओर से दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करती है तो राज्य को धन की कोई कमी न हो, इसका हमारा प्रयास रहता है। उन्होंने कहा कि मलारी गांव के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर ने कहा कि यहां बड़े अस्पताल नहीं है, फिर भी यहां बड़े डॉक्टर की सुविधा मिलती है। केंद्रीय मंत्री ने यह व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का हेल्थ सेक्टर बदल रहा है। होलिस्टिक हेल्थ कवरेज के लिए राज्य को एम्स के साथ ही एम्स का सेटेलाइट सेंटर भी दिया गया है। देश में आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्टक्चर मिशन चलाया जाता है। क्रिटिकल हेल्थ केयर के लिए 64 हजार करोड़ रूपये 05 साल में खर्च किए जाएंगे। एक जिले में औसत 100 करोड़ का खर्च इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा रहा है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि राज्य के टीबी मरीजों को किसी न किसी ने गोद लिया हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि देश की जनता की आस्था से जुड़े चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार अच्छा कार्य कर रही है। आगामी चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो अपेक्षा रखी गई है, हेल्थ सेक्टर में चारधाम के लिए राज्य को उनकी अपेक्षा से भी अधिक सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, विनोद चमोली, प्रदीप बत्रा, सरिता आर्य, रेनू बिष्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, संयुक्त सचिव स्वास्थ्य, भारत सरकार विशाल चौहान, सचिव स्वास्थ्य आर राजेश कुमार भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार परियोजनाओं के शिलान्यास पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आभार जताया।

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने नवरात्र व्रत पारण के अवसर पर किया प्रसाद वितरण



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार** । नवरात्र व्रत पारण के अवसर पर किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पूजा माई ने सर्वानंद घाट पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों को किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पूजा माई ने खीर प्रसाद वितरण किया। महामंडलेश्वर पूजा माही ने प्रसाद वितरण करते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि में 9 दिन तक व्रत रखा जाता है शास्त्रों के अनुसार नवमी तिथि के समाप्त होने पर व्रत का पारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का व्रत पारण कन्या पूजन के बाद ही किया जाता है. उस दिन कन्याओं का पूजन करें, उन्हें हलवा, पूड़ी, खीर, चने का भोजन कराएं और दक्षिणा देकर कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही व्रत खोलना चाहिए। पूजा माई ने कहा कि बाल रूप कन्याओं का साक्षात मां भगवती का स्वरूप है उनके पूजन से मां देवी अत्यंत प्रसन्न होती हैं। और अपने भक्तों पर सदैव कृपा बस आती हैं।

**नवरात्रि का व्रत पारण कन्या पूजन के बाद ही किया जाता है: पूजा माई**

हम सभी को बालिकाओं के संरक्षण संवर्धन के प्रति जागृत रहकर उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। आज समाज के प्रत्येक वर्ग में कन्या बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी ले रही हैं। समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा होती है। सभी को जरूरतमंद और असहाय लोगों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में भक्तों पर मां दुर्गा की कृपा बरसती है। नवरात्रों में की जाने वाली आराधना विशेष फलदायी होती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्रि को विशेष महत्व दिया गया है। प्रसाद वितरण करने वालों में मुस्कान, शिवानी, सागर, प्रियंका, धीरज, सुशील, नैना, देवी प्रसाद आदि भक्तगण उपस्थित रहे.

# कालेज में 'स्वाधीनता का सम्पूर्ण एवं प्रेरक इतिहास' पर गोष्ठी आयोजित

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज में आज आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा जी-20 के सन्दर्भ में 'स्वाधीनता का सम्पूर्ण एवं प्रेरक इतिहास' विषयक एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन मुख्य वक्ता डॉ. सदानंद दामोदर की अध्यक्षता में किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. सदानंद दामोदर ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए स्वाधीनता के अमृतोत्सव कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 1857 से पहले भी स्वाधीनता के प्रयास हुए, इसलिए 1857 का स्वतंत्रता संग्राम पहला स्वतंत्रता संग्राम कहना सही नहीं है। इससे पहले भी सन्यासी विद्रोह, आनन्द मठ आदि संग्राम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वीरबाला कनक लता बरूआ जो किअसम की किशोरी थी जो 1942 का भारत छोड़ों आन्दोलन में तिरंगा लेकर चली और शहीद हो गयी। उन्होंने बताया कि समाज में सभी वर्गों द्वारा स्वाधीनता के प्रयास हुए हैं जबकि अंग्रेजों द्वारा यह नैरेटिव चलाया गया कि स्वतंत्रता आन्दोलन केवल अभिजातीय वर्ग का आन्दोलन था।

बाजीराव जोकि उड़ीसा के 12 वर्ष के बालक थे वानर सेना के सदस्य थे और अंग्रेजों को स्वाधीनता संग्राम के क्रान्तिकारियों तक पहुंचने में रोकने के प्रयास में बन्दूक की गोली से अंग्रेजों द्वारा शहीद कर दिये गये। इसके अतिरिक्त आदिवासी तथा जनजातीय समूहों का भी अंग्रेजों के विरूद्ध संग्राम में अविस्मरणीय योगदान रहा। अंग्रेजों के भारत छोड़ने का कारण 1942 के आस-पास सैनिक विद्रोह भी है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य प्राप्त स्वाधीनता की रक्षा कर देश को ऊंचा उठाना है। इस अवसर पर भाई भगवती राघव ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रज्ञा प्रवाह संस्था के माध्यम से उत्तराखण्ड के गुमनाम शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित करता है। तथा प्रज्ञा प्रवाह प्रकाशन जोकि देहरादून में स्थित है विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन एवं संकलन करता है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत प्रेषित करते हुए कहा कि इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारियाँ जो विलुप्त हैं उनको विश्व के सामने लाने के लिए इतिहास के पुर्नलेखन की आवश्यकता है। उन्होंने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापत करते हुए मुख्य अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, डॉ. जगदीश चन्द्र आर्य, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. आशा शर्मा, श्रीमती रिंकल गोयल, श्रीमती रिचा मिनोचा, आस्था आनन्द, डॉ. लता शर्मा, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल आदि सहित कॉलेज के अनेक छात्र-छात्रा उपस्थित थे





# मौसम की मार

## तीसरी बार ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को भारी नुकसान

**प्रयागराज।** मार्च महीने में भी तीसरी बार बारिश तथा ओलावृष्टि से फसलों को भारी क्षति पहुंची है। हजारों किसानों की फसल पहले ही बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में शुक्रवार को बारिश से किसानों



की मुसीबत और बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से नुकसान के सर्वे का आदेश दिया गया है। एक-दो दिनों में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। पूर्व में हुई बारिश तथा ओलावृष्टि से 10030 किसानों की 33 फीसदी फसल पहले बर्बाद हो चुकी है। इन्हें करीब साढ़ेकरोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके अलावा कोरावं के 10 गांवों में 50 फीसदी से अधिक फसल बर्बाद हो चुकी है। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों के भी 500 से अधिक किसानों ने पूरी फसल बर्बाद होने का दावा करते हुए राहत की मांग की है। अभी इन किसानों की चिंता दूर नहीं हो पाई है कि शुक्रवार को फिर से जमकर बारिश हो हुई। कौंधियारा, बारा में तो ओले भी पड़े हैं। इससे फसलों को ज्यादा नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है। उप निदेशक कृषि विनोद कुमार का कहना है कि हवा नहीं थी। इसलिए कुछ राहत रही लेकिन ओलावृष्टि से सभी फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह का कहना है कि बारिश, ओलावृष्टि तथा इससे फसलों को होने वाले नुकसान की रिपोर्ट तहसीलों से मंगाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लगातार बारिश, ओलावृष्टि से सरसों के उत्पादन में 11 फीसदी की कमी

प्रयागराज। मार्च महीने में लगातार बारिश एवं ओलावृष्टि से सबसे अधिक नुकसान सरसों की फसल को पहुंचा है। इससे सरसों के कुल उत्पादन में 11 फीसदी से अधिक की कमी आई है। अफसरों का कहना है कि पहली बार ओलावृष्टि एवं बारिश के दौरान सरसों की जो फसल किसी भी रूप में खेत में रही वह पूरी तरह से खराब हो गई।





## रामनगर में भारी बारिश के बाद उफान पर आए नाले में बही यात्रियों से भरी बस

**रामनगर (नैनीताल)।** उत्तराखंड में शुक्रवार को फिर मौसम बदला और प्रदेशभर में बारिश शुरू हो गई। अभी तक बारिश का सिलसिला जारी है। वहीं, भारी बारिश के बाद रामनगर के टेढ़ा गांव के तिलमठ मंदिर के पास एक बस बरसाती नाले में बह गई और पलट गई। बस के बहते ही वहां चीख पुकार मच गई। यात्री बस के बहते ही किसी तरह उसके ऊपर चढ़ गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। तब पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम ने सभी यात्रियों को सकुशल बस से बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोटें नहीं आई। सभी को तिलमठ मंदिर में ले जाया गया। तहसीलदार विपिन चंद्र पंत ने बताया कि बस दोपहर करीब ढाई बजे रामनगर से डोन परेवा के लिए निकली थी। लगातार हो रही बारिश से बरसाती नाला अचानक उफान पर आ गया और बस अनियंत्रित होकर पहले बही फिर पलट गई। वहीं, मसूरी में कैम्पटी रोड के पास भारी भरकम पुश्ता गिरने से कई गाड़ियां मलबे के नीचे दब गई है। जानकारी के अनुसार, पुश्ता गिरने से तीन वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं जबकि दो अन्य वाहनों को भी नुकसान हुआ है।उधर, मौसम विज्ञान केंद्र ने खराब मौसम को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान बारिश, बर्फबारी, ओलावृष्टि और बिजली गिरने के आसार हैं।



## व्यास और दारमा घाटियों समेत ऊंची चोटियों पर बिछी बर्फ की सफेद चादर

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में मौसम शुक्रवार को फिर बदल गया। तड़के से ही बारिश शुरू हो गई थी जो देर शाम तक जारी रही। मौसम में अचानक आई इस तब्दीली से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ तो पहाड़ मैदानी इलाकों में भी लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए।

धारचूला के व्यास और दारमा घाटियों के ऊंचाई वाले इलाकों के अलावा छिपला की पहाड़ी पर भी हिमपात हुआ। वहीं, बागेश्वर जिले में चिल्ठा, द्वाली, फुर्किया आदि ऊंचे इलाकों में भी भारी हिमपात हुआ है। दारमा घाटी के 14 गांवो में 6 इंच और प्रसिद्ध पँचाचूली की चोटियों में लगभग एक फुट बर्फबारी हुई है। जिसके कारण ठंड काफी बढ़ चुकी है। पिथौरागढ़ में बृहस्पतिवार की रात से ही आसमान बादलों से घिरा गया था। शुक्रवार सुबह छह बजे से बारिश का क्रम शुरू हुआ। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। मुनस्यारी के पंचाचूली, राजरंभा, हंसलिंग, नग्निधूरा में हिमपात हुआ। खलियाटॉप में तीन इंच हिमपात हुआ। भुजानी में भी बर्फबारी हुई।बेमौसम बारिश से पर्वतीय इलाकों के किसानों और कृषि विशेषज्ञों की चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह फसल पकने का समय है। इस समय फसल को तापमान अधिक चाहिए। ऐसे में बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस बारिश का एक सुखद पहलू यह है कि इससे नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है।

दारमा घाटी में बर्फबारी - फोटो : अमर उजाला

बागेश्वर के जौलकांडे क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसल बर्बाद हो गई है। जौलकांडे, बोरगांव, लेटी शीशाखानी और आसपास के इलाकों में करीब आधे घंटे तक हुई ओलावृष्टि से खेत पट गए। इससे गेहूं की खड़ी फसल के साथ ही सब्जी के पौधों को भी क्षति पहुंची है।

## 'राष्ट्रीय प्रशिक्षित संवर्धन योजना' कार्यक्रम को लेकर हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** आज राजकीय मॉडल महाविद्यालय मीठीबेरी (हरिद्वार) में आइ.क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना' के अन्तर्गत कौशल विकास कार्यक्रम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अर्चना गौतम ने किया। तत्पश्चात कार्यशाला हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जगजीतपुर, (हरिद्वार) से आए विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय में मास्टर ट्रेनर के रूप में आए इरशाद अली और डॉ अवनीश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को 'राष्ट्रीय प्रशिक्षित संवर्धन योजना' कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं 47 विभिन्न सेक्टरों में 1184 ऑप्शनल ट्रेड में अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं एवं साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि अप्रेंटिसशिप की योग्यता न्यूनतम आयु 14 साल है और अधिकतम आयु की कोई लिमिट नहीं है। इसके लिए न्यूनतम पांचवीं क्लास पास होना चाहिए और अधिकतम शैक्षिक योग्यता की कोई लिमिट नहीं है। साथ ही ट्रेनिंग अवधि 6 महीने से लेकर के 36 महीने तक रहेगी, जिसमें लर्निंग एंड अर्निंग दोनों कार्य होंगे। रजिस्ट्रेशन हेतु लिंकwww.apprenticeshipindia.job.in पर लॉग इन कर सकते हैं। महाविद्यालय के लगभग 25 छात्र-छात्राओं ने इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर दिया है। यह कार्यक्रम समिति के संयोजक प्रोफेसर सतेन्द्र कुमार एवं डॉ कुलदीप चौधरी के दिशा निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अर्चना गौतम ने विषय विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ अरविंद वर्मा, डॉ सुनीता बिष्ट डॉ सुमन पांडेय, डॉ लक्ष्मी मनराल, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में शशिधर उनियाल, कुलदीप सिंह और सूरज पुंडीर आदि उपस्थित रहे। गगन, पवन, प्रवीण, नवनीत, हिमानी, पिंकी, सागर अंशु, वर्षा, पूजा ,आशा, भारती काजल ,मनीषा, सागर, ईशा, आंचल, सोनिया, पूजा, सपना, आंचल पाल, संगीता, अन्नू , रजनी, मनीषा, आंचल, अंशु सैनी, पूजा, संदीप आदि छात्र-छात्राओं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# होंडा वित्त वर्ष 2024 में दो ईवी करेगी पेश

**मानेसर।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने वित्त वर्ष 2024 में दो इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने का आज ऐलान किया। इसके साथ ही कंपनी ने अपने ईवी योजनाओं और भावी कारोबारी योजनाओं का खुलासा करते हुये वर्ष 2030 तक 10 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उत्पादन तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी ने भारत में ईवी योजनाओं के लिए 3 ई पर आधारित अवधारणा तय की है। इसमें फैक्टरी 'ई', प्लेटफार्म ई और वर्कशॉप ई शामिल है। कंपनी के अध्यक्ष एवं सीईओ आत्सुशी ओगाता ने आज यहां स्थिति संयंत्र में पत्रकारों के भ्रमण के दौरान कहा " 2040 तक इलेक्ट्रिक वाहन एवं फ्यूल सैल वाहनों के अनुपात को 100 फीसदी तक बढ़ाने के होंडा के विश्वस्तरीय दृष्टिकोण के मद्देनज़र, हम फ्लेक्स फ्यूल इंजन की शुरूआत के साथ आईसीई इंजनों की दक्षता में सुधार जारी रखे हुए हैं और साथ ही मॉडल्स एवं इकोसिस्टम के विद्युतीकरण के साथ वैकल्पिक ईंधनों के लिए सरकारी निर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं। ईवी की बात करें तो हम भारत की सर्वश्रेष्ठ ईवी कारोबार संरचना बनाने और स्थायी परिवहन के विकास में अग्रणी होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी ईवी योजनाओं को अब अंजाम दिया जा रहा है, हम आकर्षक इलेक्ट्रिक वाहनों की व्यापक रेंज के निर्माण के लिए एक्सक्लुज़िव इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास कर रहे हैं। साथ ही हम ईवी टेकनोलॉजी के विकास, चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और आफ्टरसेल्स सर्विसेज़ में भी निवेश कर रहे हैं।"




उन्होंने कहा कि तीन ई पर आधारित अवधारणा में फैक्टरी 'ई' के तहत निर्धारित ईवी निर्माण युनिट इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, विशेष मैनुफैक्चरिंग युनिट- फैक्टरी ई की स्थापना कर्नाटक में एचएमएसआई के नरसापुरा प्लांट में की जा रही है। यह फैक्टरी विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित करेगी, इसे इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह उच्च दक्षता एवं अधिकतम उत्पादन मूल्य के साथ उत्पादन को अनुकूलित कर सके।सरकार के 'मेक इन इंडिया' एवं स्थानीकृत निर्देशों के अनुरूप, होंडा के इलेक्ट्रिक वाहनों में स्वदेश में निर्मित कम्पोनेन्ट्स जैसे बैटरियों एवं पीसीयू का उपयोग किया जाएगा। एचएमएसआई के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मोटर का डिज़ाइन एवं उत्पादन भी होंडा द्वारा इन-हाउस होगा। इसके अलावा, फैक्टरी 80 फीसदी सस्टेनेबल मटीरियल रेशो एवं 100 फीसदी रीन्युएबल एनर्जी रेट के साथ स्थायित्व पर विशेष ज़ोर देगी। 2030 तक 10 लाख ईवी के उत्पादन के लिए चरणबद्ध तरीके से आधुनिक ऑटोमेटेड सुविधा का संचालन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म ई के तहत समर्पित ईवी प्लेटफॉर्म एचएमएसआई ने भावी ईवी प्लेटफॉर्म है। प्लेटफॉर्म ई का विकास किया गया है जो विभिन्न प्रकार के ईवी मॉडलों के लिए फाउण्डेशन की तरह काम करेगा। इसमें फिक्स्ड बैटरी टाईप, स्वैपेबल बैटरी टाइप और मिड.रेंज ईवी शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग को ध्यान में रखते हुए नए उपभोक्ताओं की यात्रा को आसान बनाने के लिए एचएमएसआई ने प्रोजेक्ट विद्युत की शुरूआत भी की है। इस परियोजना के तहत एचएमएसआई वित्त वर्ष 2024 में दो नए दोपहिया ईवी लॉन्च करेगी। पहला मिड रेंज इलेक्ट्रिक वाहन और दूसरा स्वैपेबल बैटरी टाइप जिसमें होण्डा के मोबाइल पावर पैक का इस्तेमाल होगा। ओगाता ने कहा कि वर्कशॉप ई के तहत भविष्य के ईवी के लिए उपभोक्ताओं को आरामदायक एवं उच्च गुणवत्ता की यात्रा का अनुभव प्रदान करना एचएमएसआई का मुख्य उद्देश्य है। उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एचएमएसआई के मौजूदा 6000 से अधिक नेटवर्क टचपॉइन्ट पर चार्जिंग स्टेशन इंस्टॉल किए जाएंगे। इनमें से कुछ को वर्कशॉप ई में बदला जाएगा। इस एक्सक्लुज़िव सेट अप में एचईआईडी बैटरी एक्सचेंजर, स्वैपेबल बैटरी टाईप के लिए मिनी बैटरी एक्सचेंजर और फिक्स्ड बैटरी टाईप के लिए चार्जिंग केबल्स होंगे। साथ ही एचएमएसआई ने ईवी यूज़र्स को बैटरी स्वैपिंग का आसान अनुभव प्रदान करने के लिए समग्र इकोसिस्टम जैसे पेट्रोल पम्पों, मैट्रो स्टेशनों और अन्य स्थानों पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों का लाभ उठाने की योजना भी बनाई है।

# अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना तय

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अजय बंगा का निर्विरोध विश्व बैंक का अध्यक्ष बनना लगभग तय हो गया है। बुधवार को नामांकन समाप्त हो गए और किसी भी अन्य देश ने सार्वजनिक रूप से वैकल्पिक उम्मीदवार का प्रस्ताव नहीं दिया है।



पूर्व मास्टरकार्ड इंक के मुख्य कार्यकारी को राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा पिछले महीने समर्थन मिला, जब वर्तमान अध्यक्ष डेविड मलपास ने लगभग एक साल पहले पद छोड़ने की योजना की घोषणा की थी। भारत ने विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अजय बंगा की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। खबर के मुताबिक, 2019 में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा नामित श्री मलपास ने निर्विरोध शीर्ष स्थान हासिल किया था। संस्था की शीर्ष नौकरी हमेशा एक अमरीकी उम्मीदवार के पास जाती रही है। अमरीका के अलावा किसी भी देश ने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। विश्व बैंक के नियम सदस्य देशों को एक समयावधि के दौरान नामांकन करने की अनुमति देते हैं, जो बुधवार दोपहर को खत्म हो चुका है। ऐसे में अजय बंगा के सामने कोई खड़ा नजर नहीं आ रहा है।

# रिलायंस डिजिटल ने मुंबई इंडियंस के साथ साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक ब्रांड रिलायंस डिजिटल ने किट पर लीड ट्राउजर पार्टनर के रूप में मुंबई इंडियंस के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ रिलायंस डिजिटल का उद्देश्य क्रिकेट प्रेमियों के बीच व्यापक पहुंच बनाना है, क्योंकि क्रिकेट सभी का मनपसंद खेल है। इस साझेदारी के माध्यम से रिलायंस डिजिटल सारे भारत के ग्राहकों के लिए आकर्षक डील्स को पेश करेगा। जो भी रिलायंस डिजिटल स्टोर या सोशल मीडिया पेज पर आएगा उसे मुंबई इंडियंस मर्चेंडाइस और मैच के लिए टिकट जीतने का मौका मिलेगा। शुरुआती दिनों में ग्राहकों को कुछ शानदार डिसकाउंट दिए जाएंगे। यह डिसकाउंट पहली अप्रैल 2023 से शुरू होगा। ऑफर में 7.5 प्रतिशत का डिसकाउंट और एक हजार रुपए के कूपन भी दिए जाएंगे। यह सुविधा मिलेगी।

digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

# भारत 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पाने की ओर बढ़ रहा: गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को गतिशील और उत्तरदाई विदेशी व्यापार नीति की घोषणा की और यह भरोसा जताया कि भारत का व्यापारिक एवं सेवा निर्यात 2030 तक 2000 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। इसका मौजूदा स्तर 765 अरब डॉलर है। गोयल ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य के लिहाज से माल निर्यात में वृद्धि अच्छी रही है जबकि सेवा निर्यात में अगले वित्त वर्ष में उछाल आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आगे जाकर हमें अपने निर्यात लक्ष्यों को पाना होगा। माल निर्यात को लेकर हमें और भी कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने आगे कहा, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए कि 2030 तक सेवा निर्यात तो 1000 अरब डॉलर को पार कर जाए और व्यापारिक निर्यात पीछे रह जाए। मुझे भरोसा है कि हम 2030 तक 2000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर लेंगे। उद्योग मंत्री ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय अगले चार-पांच महीनों के दौरान क्षेत्रवार या देशों के स्तर पर दुनिया में एक व्यापक पहुंच बनाने पर जोर देगा।


# Redmi 12C और Redmi Note 12 भारत में लांच

**नई दिल्ली।** शाओमी ने गुरुवार को एक साथ दो नए स्मार्टफोन Redmi 12C और Redmi Note 12 लांच किए हैं। ये दोनों ही फोन बजट स्मार्टफोन हैं। कंपनी ने दोनों 4G स्मार्टफोन को दो-दो वैरिएंट में लांच किया है। दोनों ही स्मार्टफोन 6.67 इंच सुपर एमोलेड डिस्प्ले के साथ 120Hz के रिफ्रेश रेट के साथ आने वाला है।

फोन की कीमत की बात करें तो रेडमी 12 C के 4GB रैम + 64GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 8,999 रुपए और 6GB रैम + 128GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 10,999 रुपए रखी गई है। स्मार्टफोन मैट ब्लैक, रॉयल ब्लू, मिंट ग्रीन और लेवेंडर पर्पल कलर ऑप्शन के साथ आता है। वहीं रेडमी नोट 12 के 6GB रैम + 64GB स्टोरेज वैरिएंट को 14,999 रुपए और 6GB रैम + 128GB स्टोरेज वैरिएंट को 16,999 रुपए के इंट्रोडक्टरी प्राइस पर लांच किया गया है।

फोन के फीचर्स की बात करें तो रेडमी नोट 12 को स्नैपड्रैगन 685 प्रोसेसर से लैस किया है जो MIUI 14 बेस्ड एनड्रोयड 13 के साथ आता है। इसमें 5000mAh की बैटरी दी गई है जो 33W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन को अनलॉक करने के लिए साइड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है, साथ ही फोन में फेस अनलॉक फीचर दिया गया है।

रेडमी नोट 12 4G में सेल्फी स्नैपर के लिए स्क्रीन पर पंच-होल कटआउट, ट्रिपल कैमरा सेटअप और सेफ्टी के लिए एक साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और मिलता है।




वहीं रेडमी 12C में वॉटरड्रॉप नॉच, सेफ्टी के लिए रियर माउंटेड फिजिकल फिंगरप्रिंट सेंसर और डुअल कैमरा सेटअप दिया गया है। दोनों स्मार्टफोन की सेल सेल 6 अप्रैल से शुरू होगी।

# दुनिया हिला देंगे, वार्नर का करेंगे समर्थन, दिल्ली कैपिटल्स की उपकप्तानी मिलते ही अक्षर पटेल ने भरी हुंकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के नियमित कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल 2023 से पहले कार दुर्घटना में बुरी तरह से घायल हो गए थे। अब दिल्ली कैपिटल्स ने ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में आस्ट्रेलिया के स्टार ओपनर डेविड वॉर्नर को कप्तान नियुक्त किया है। वहीं स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल को दिल्ली को इस साल उप कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है।

अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स के उप कप्तान की नई भूमिका को लेकर रोमांचित हैं। उनका कहना है कि पिछले कुछ सीजन में उन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए जो कड़ी मेहनत की है, यह उसका गिफ्ट है। ऑलराउंडर अक्षर ने दिल्ली के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट वीडियो में कहा, मेरे नजरिए से अगर आपको यह भूमिका मिली है, तो इसका मतलब है कि सीनियर खिलाड़ी के रूप में आपने प्रगति की है। अक्षर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि दुनिया हिला देंगे। इसके साथ ही अक्षर ने नए कप्तान वॉर्नर का पूरा समर्थन करने का भी वादा किया। उन्होंने कहा, डेविड प्रतिभावान खिलाड़ी है। मैं उसे ऐसा माहौल दूंगा, जिसमें वह अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल कर सके। जब आप दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ते हैं, तो यह पूरी तरह से अलग अहसास होता है। तीन-चार साल से फ्रेंचाइजी के साथ हूं और यह घर की तरह लगता है।

# IPL 2023: पहली बार IPL में नजर आएंगे जो रूट, बोले- गेंदबाजों के सामने कुछ नया करूंगा



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के नवागंतुक बल्लेबाज जो रूट ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने से पहले कहा है कि वह इस बार टूर्नामेंट में "अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर लाना" और "गेंदबाजों के सामने कुछ नया करना" चाहते हैं। रूट ने रॉयल्स की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा, "मैं जितना हो सके उतना स्वाभाविक खेलने की और गेंदबाजों के सामने कुछ नया करने की कोशिश करूंगा। मुझे यकीन है कि मैं इसका लुत्फ उठाऊंगा और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बाहर लाने की कोशिश करूंगा।" रॉयल्स ने दिसंबर 2022 में हुई नीलामी में रूट को एक करोड़ रुपए की कीमत पर टीम में शामिल किया था। इंग्लैंड के अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज पहली बार इस लीग में हिस्सा लेंगे। रूट ने कहा, "ऐसा लगता है हर कोई ऐसी चीजों को महसूस करना चाहता है जो मैदान में प्रदर्शन से कहीं अधिक है। मेरी टीम के सभी लोग मुझे नीलामी में पाकर खुश हैं।"

उन्होंने कहा, "यह एक ऐसा अनुभव है जिसे आप दुनिया में कहीं और नहीं दोहरा सकते। मैंने पहले कभी इसका अनुभव नहीं किया, इसलिए यह सब मेरे लिए बहुत नया होने वाला है, जो एक अनुभवी खिलाड़ी होने के नाते मेरे लिए बहुत रोमांचक है।

# इंडियन प्रीमियर लीग 2023 : चेन्नई सुपरकिंग्स को झटका, तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी सीजन से बाहर




**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 की शुरुआत से ठीक पहले चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए बुरी खबर सामने आई है। दरअसल, चेन्नई के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज के मुताबिक, मुकेश बैक इंजरी के चलते आगामी सीजन में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश ने विजय हजारे ट्रॉफी 2021-22 में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। इसके बाद उन्हें आईपीएल 2022 की नीलामी में सीएसके ने उनके बेस प्राइज 20 लाख रुपए में खरीदा था। वह पिछले सीजन में प्रभाव छोड़ने में सफल रहे थे। उन्होंने आईपीएल 2022 में 13 मैचों में 26.50 के औसत से 16 विकेट लिए थे।

# अहमदाबाद पहुंचे नौ कप्तान, आईपीएल ट्रॉफी संग खिंचवाई फोटो, मस्ती के मूड में आए नजर

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन शुक्रवार से शुरू हो रहा है। उससे पहले नौ आईपीएल टीमों के कप्तान अहमदाबाद पहुंचे। सभी ने आईपीएल ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस दौरान मौजूद नहीं रहे। आईपीएल ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर खिलाडियों के फोटो और वीडियो शेयर किए। वीडियो में हार्दिक पांड्या आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को गले लगाते नजर आए। आईपीएल ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें सभी कप्तान एक-दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आए।

## अतंरराष्ट्रीय

# कराची में खाद्य वितरण केंद्र पर भगदड़ में 11 की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आर्थिक हालात पहले ही दयनीय थे कि अब लोगों को आटे के लिए अपनी जान तक गंवानी पड़ रही है।शुक्रवार को पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में एक रमजान खाद्य वितरण केंद्र में भगदड़ मचने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। इतना ही नहीं कई अन्य लोग घायल भी हो गए।जानकारी के मुताबिक केंद्र पर भगदड़ तब हुई जब कुछ लोगों ने अनजाने में बिजली के तार पर पैर रख दिया। जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि बिजली के तार पर पैर रखने के बाद हुई भगदड़ के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को धक्का देना शुरू कर दिया, जिससे दो महिलाएं और दो बच्चे पास में बह रहे नाले में गिर गए। हादसे में कई लोग घायल भी हो गए। गौरतलब है कि कराची में हुए इस ताजा हादसे के साथ, पाकिस्तान में मुफ्त भोजन केंद्रों में भगदड़ से मरने वालों की संख्या कम से कम 22 पहुंच गई है। लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को एक बार फिर चीन ने सहारा दिया है। पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को कहा कि चीन ने पिछले सप्ताह मैच्योर हुए 2 अरब डॉलर का ऋण दिया था, जिससे पाकिस्तान को भुगतान संकट में तत्काल राहत मिलती दिख रही है। इशाक डार ने संसद में बताया कि सभी संबंधित दस्तावेज पूरे कर लिए गए हैं। इसके बाद बीते 23 मार्च को इस लोन राशि को जारी कर दिया गया है। हालांकि अभी तक न तो बीजिंग सरकार और न ही चीन के केंद्रीय बैंक ने इस मसले पर टिप्पणी की है। हालांकि, इशाक डार ने नई मैच्योर डेट या व्यवस्था की अन्य शर्तों के बारे में नहीं बताया है। इससे पहले पाकिस्तान ने चीन से 2 बिलियन कर्ज के रोलओवर का आग्रह किया था जो बीते हफ्ते ही मैच्योर हुआ है।

# पाकिस्तान में फिर टारगेट किलिंग, हिंदू डॉक्टर की गोली मारकर हत्या



**कराची।** पाकिस्तान में टारगेट किलिंग का मामला सामने आया है। यहां कराची नगर निगम के रिटायर्ड डायरेक्टर और नेत्र रोग विशेषज्ञ बीरबल जेनानी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हमले में डॉक्टर का असिस्टेंट गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों ही एक कार में सफर कर रहे थे। स्थानीय पुलिस ने कहा कि डॉ जेनानी की हत्या एक 'टारगेट किलिंग' थी। हालांकि हत्या के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि पाकिस्तान में एक महीने के भीतर यह दूसरी घटना है जब हिंदुओं को टारगेट कर मौत के घाट उतारा गया है। इससे पहले इसी महीने की शुरूआत में पाकिस्तान के हैदराबाद में एक डॉक्टर धर्म देव राठी को उनके चालक ने ही घर के अंदर हत्या कर दी थी। पुसिस के मुताबिक चालक ने चाकू से डॉक्टर का गला काट दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत-जापान ने श्रीलंका से मिलाया हाथ, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संपर्क को मजबूत करने पर जोर

**कोलंबो।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को सबक सिखाने के लिए भारत और जापान ने श्रीलंका से हाथा मिलाया है। दोनों देशों ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के लिए श्रीलंका के साथ सहयोग पर संयुक्त तौर पर सहमति जताई है। संसाधन संपन्न इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते सैन्य दबदबे के बीच शुक्रवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। अमेरिका, भारत और कई अन्य वैश्विक महाशक्तियां एक स्वतंत्र, खुले और उन्नत हिंद-प्रशांत क्षेत्र की जरूरत के बारे में बात कर रही हैं। चीन दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में विवादित क्षेत्रीय विवादों में उलझा हुआ है। बीजिंग ने पिछले कुछ वर्षों में अपने मानव निर्मित द्वीपों का सैन्यीकरण करने में भी काफी प्रगति की है। एक स्थानीय खबर के अनुसार भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने कहा कि भारत और जापान शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में व्यापक हित साझा करते हैं। उन्होंने जापान के राजदूत मिजुकोशी हिदेआकी की मौजूदगी में यहां एक समारोह में यह बात कही।

## उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें

### हिप्र : लाहौल और स्पीति में हल्का हिमपात, कई हिस्सों में बारिश, 11 मार्गों पर यातायात ठप

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में हल्का हिमपात हुआ जबकि राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई जिसके कारण 11 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले यहां मौसम कार्यालय ने शुक्रवार को कुछ इलाकों में भारी हिमपात, बिजली कड़कने, गरज के साथ छींटें पडने तथा ओलावृष्टि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। उसने फसलों को नुकसान पहुंचने को लेकर भी आगाह किया था। शुक्रवार को मौसम कार्यालय ने एक अप्रैल तथा तीन-चार अप्रैल को गरज के साथ छींटें पडने तथा बिजली कड़कने के लिए एलो अलर्ट जारी किया। उसने अगले कुछ दिन में किन्नौर, लाहौल और स्पीति, चंबा, कांगड़ा तथा शिमला जिलों के ऊपरी हिस्सों में हल्की बारिश तथा हिमपात और बाकी के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है। बृहस्पतिवार रात से राजगढ़ में राज्य में सबसे अधिक 26 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके बाद सानगढ़ में 22 मिमी, झांदुत्ता में 20 मिमी, चौरी और रेणुका में 16 मिमी, नूरपुर में 15 मिमी, चोपाल में 12.5 मिमी और हमीरपुर, नैना देवी और धरमपुर में प्रत्येक में 11-11 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### हावड़ा में फिर से अशांति, पुलिसकर्मियों पर पथराव

**हावड़ा (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर में काजीपाडा इलाके में रामनवमी की शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान हिंसा के बाद तैनात पुलिस कर्मियों पर शुक्रवार दोपहर बाद अज्ञात लोगों द्वारा पथराव की ताजा घटना सामने आई है, जिसके बाद इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि पुलिस को वहां जमा हुए लोगों को तितर-बितर करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल करना पड़ा। काजीपाड़ा इलाके में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू है। बृहस्पतिवार से अब तक हिंसा के सिलसिले में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, दोपहर तक हालात शांतिपूर्ण थे। इसके बाद पुलिस कर्मियों पर पथराव होने लगा, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हमारे अधिकारियों ने तत्काल कार्वाई की और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया। अनेक लोग घरों में कैद हो गए और दुकानें तथा बाजार बंद हो गए। पथराव की घटना के बाद वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई। अधिकारी ने कहा कि पथराव में कम से कम तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए और उनका पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### उप्र : सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व टीम, महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया

**उन्नाव, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में हसनगंज तहसील के इटकुटी गांव के विक्रम खेड़ा इलाके में सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम के सामने एक महिला ने अपनी झोपड़ी में आग लगा दी और बाद में कथित तौर पर खुद पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, प्रशासन को लगातार मिल रही शिकायत के निस्तारण के लिए नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल मौके पर पहुंचे तथा कब्जा धारक अजय कश्यप से प्रधान और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में कब्जा हटाने की बात कही, तभी अजय की पत्नी ने अपनी झोपड़ी में आग लगा दी। अधिकारी के मुताबिक, महिला के पति पर ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करके वहां निर्माण कार्य करने का आरोप है। हसनगंज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अंकित शुक्ला ने बताया कि इटकुटी गांव के मजरा विक्रम खेड़ा इलाके में बृहस्पतिवार शाम पांच बजे के लगभग सरकारी जमीन से कब्जा हटवाने पहुंची राजस्व टीम के सामने एक महिला ने अपने कब्जे वाले भाग में बनाई गई झोपड़ी में आग लगा ली।

# कांग्रेस एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी विधानसभाओं में यात्रा निकालकर जनता से करेगी संवाद

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में किए जा रहे सत्याग्रह के तहत एक कांग्रेस अप्रैल से तीस अप्रैल तक सभी विधानसभाओं में यात्रा निकालकर जनता से संवाद करेगी। प्रैस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान जानकारी देते हुए कांग्रेस विधायक रवि बहादुर और अनुपमा रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में पार्टी द्वारा किए जा रहे देशव्यापी सत्याग्रह के दौरान जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में यात्रा निकालकर लोगों को भाजपा सरकार में लोकतंत्र पर किए जा रहे आघात से अवगत कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस दौरान पार्टी के विधायक और नेता विधानसभा क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। विधायक रवि बहादुर और अनुपमा रावत ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे मुद्दों से केंद्र सरकार बौखला गयी है। बौखलाहट और जल्दबाजी में केंद्र सरकार के इशारे पर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गयी। उन्हें अपनी बात तक रखने का मौका नहीं दिया गया। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, श्रमिक नेता राजबीर सिंह चैहान व मुरली मनोहर ने कहा कि घोटालेबाजों का पर्दाफाश होने से सरकार घबरा गयी है। घबराहट में सरकार हठधर्मिता पर उतर आयी है। लेकिन कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। सत्याग्रह के जरिए भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखा जाएगा। प्रेसवार्ता के दौरान ओपी चैहान, मनीष कर्णवाल, पूर्व सभासद अमन गर्ग, अश्विन कौशिक, विपिन पेवल आदि मौजूद रहे।

## हिप्रः मुख्यमंत्री ने आईजीएमसी अस्पताल में पहले पीईटी स्कैन भवन की आधारशिला रखी

**शिमला, (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल में पहले पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी (पीईटी) स्कैन भवन की आधारशिला रखी। इस तीन मंजिला इमारत का निर्माण 45.68 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। इसमें मरीजों, चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए आधुनिक सुविधाएं होंगी। इसमें 50 वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मरीजों को पीईटी स्कैन के लिए अभी तक चंडीगढ़ या दिल्ली जाना पड़ता था जो बहुत खर्चीला था। उन्होंने कहा कि एक बार पीईटी भवन पूरा हो जाने पर यहां कैंसर का पता लगाने, प्रतिक्रिया और फॉलो-अप की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन हृदय रोग विज्ञान, मनोरोग और मूत्रविज्ञान समेत अन्य विभागों के लिए मददगार साबित होगा। एकल पीईटी कंप्यूटेड टोमोग्राफी (सीटी) मशीन के लिए 21 करोड़ रुपए, फोटान एमिशन कंप्युटराइज्ड टोमोग्राफी (एसपीईसीटी) सीटी मशीन के लिए नौ करोड़ रुपए और निर्माण कार्य पर 15.68 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सुक्खू ने कहा कि सरकार का लक्ष्य सालभर के अंदर राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज में पीईटी स्थापित करना है।



## गुजरात उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री के संबंध में सीआईसी के आदेश को रद्द किया



**अहमदाबाद, (भाषा)।** गुजरात उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के सात साल पुराने उस आदेश को शुक्रवार को रद्द कर दिया, जिसमें गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था।

सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव ने केजरीवाल पर 25,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया और उन्हें चार सप्ताह के भीतर गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जीएसएलएसए) में राशि जमा करने के लिए कहा। केजरीवाल के वकील पर्सी कविना के अनुरोध के बावजूद न्यायमूर्ति वैष्णव ने अपने आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अप्रैल 2016 में तत्कालीन केंद्रीय सूचना आयुक्त एम श्रीधर आचार्युलु ने दिल्ली विश्वविद्यालय और गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी को प्राप्त डिग्रियों के बारे में केजरीवाल को जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया था। तीन महीने बाद, गुजरात उच्च न्यायालय ने सीआईसी के आदेश पर रोक लगा दी, जब विश्वविद्यालय ने उस आदेश के खिलाफ अदालत का रुख किया। सीआईसी का यह आदेश केजरीवाल द्वारा आचार्युलु को पत्र लिखे जाने के एक दिन बाद आया था, जिसमें कहा गया कि उन्हें (केजरीवाल) अपने सरकारी रिकॉर्ड को सार्वजनिक किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है और हैरानी है कि आयोग मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी को छिपाना क्यों चाहता है।

# इंदौर का मंदिर हादसा : बरसों पहले बंद कर दी गई बावड़ी से एक के बाद एक 36 शव निकाले गए

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर के जिस पटेल नगर स्थित मंदिर के नीचे बरसों दबी रही बावड़ी में गिरकर 36 श्रद्धालु काल के गाल में समा गए, वहां अब शोक का चुभने वाला सन्नाटा पसरा है।


करीब 24 घंटे चले बचाव अभियान के दौरान बावड़ी से निकाला गया 36वां शव सुनील सोलंकी (52) का था।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह हादसा शहर के इतिहास की सबसे भीषण दुर्घटना के रूप में दर्ज हो गया है जिसमें 21 महिलाओं और दो बच्चों ने भी जान गंवाई है। पटेल नगर के बाशिंदे उस घड़ी को अब तक नहीं भूल सके हैं, जब बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर की फर्श हवन-पूजन के दौरान कुछ इस तरह धंसी कि ज्यादातर लोगों को अपनी जान बचाने का मौका ही नहीं मिल सका। मंदिर के पास रहने वाले अनिल भटेवरा (65) ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया, मंदिर में बृहस्पतिवार 12:00 बजे के आस-पास दुर्घटना हुई।




कुछ महिलाएं बदहवास हालत में दौड़कर मेरे पास पहुंचीं और बताया कि कई लोग बावड़ी में गिर गए हैं। भटेवरा ने कहा, मैं मंदिर के नजदीक ही रहता हूं, लेकिन बावड़ी में गाद इतनी थी कि हमें लोगों के इसमें गिरने की कोई आवाज ही नहीं आई। हम तुरंत मंदिर में पहुंचे और 17-18 लोगों को बावड़ी से बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 के दौरान यह बावड़ी पूरी तरह खुली थी और वह इसमें उतरकर नहाते थे। भटेवरा ने बताया, ..लेकिन 1983 के आस-पास इस बावड़ी को ढंक दिया गया। हमने इस बावड़ी को ढंके जाने के खिलाफ प्रशासन को आठ-दस बार शिकायत की। एक बार एक अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) बुलडोजर के साथ भी आए, लेकिन वह लौट गए।

# शाहरुख खान के साथ 'कॉफी विद करण 8' की शुरुआत करेंगे करण जौहर



बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर, शाहरूख खान के साथ 'कॉफी विद करण 8' की शुरूआत कर सकते हैं। करण जौहर ने अपने टॉक शो 'कॉफी विद करण' में बतौर होस्ट काफी पॉपुलैरिटी बटोरी है। चर्चा है कि करण 'कॉफी विद करण' का अगला सीजन लेकर आ रहे हैं। 'कॉफी विद करण 8' को लेकर कहा जा रहा है कि यह शो इसी साल के अगस्त या सिंतबर महीने में स्ट्रीम हो सकता है। पिछले सीजन में कई नामी चेहरे शो में नजर आए थे, लेकिन इसमें शाहरुख खान नजर नहीं आए। लेकिन इस बार के गेस्ट लिस्ट में शाहरुख खान का नाम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इस टॉक शो में इस बार बॉलीवुड से लेकर कई साउथ सितारों की भी एंट्री देखी जा सकती है। बताया जा रहा है कि इस शो की शुरूआत शाहरुख खान से ही होगी। इसमें वह अपनी सुपरहिट फिल्म 'पठान' के बारे में बात करेंगे। कहा जा रहा है कि इस शो में साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस स्टार्स यश, अल्लू अर्जुन और ऋषभ शेट्टी को उनकी पत्नियों के साथ आमंत्रित किया जाएगा।



# सीटाडेल के नए ट्रेलर में प्रियंका ने ढाया गजब

प्रियंका चोपड़ा, रिचर्ड मैडेन, स्टेनली टुकी जैसे सितारों से सजी मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज 'सीटाडेल' का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है। 'सीटाडेल' एक स्पाई थ्रिलर सीरीज है, जिसकी कहानी प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के ईर्द-गिर्द घूमती है, जो स्पाई एजेंट की भूमिका में हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इस नए ट्रेलर में प्रियंका चोपड़ा ने अपनी एक्टिंग और एक्शन से हर किसी का दिल जीत लिया है। प्राइम वीडियो पर ये २8 अप्रैल को रिलीज हो रही है। सिटाडेल दुनिया भर में २40 से अधिक देशों और क्षेत्रों में उपलब्ध होगी। प्रियंका चोपड़ा ने भी इस ट्रेलर को सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रियंका का एक्शन देख फैंस बोल रहे हैं, ये तो बवाल है।




# सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी का जान का गाना 'बथुकम्मा' रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी का जान का गाना 'बथुकम्मा' रिलीज हो गया है। सलमान खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म का नया गाना 'बथुकम्मा' रिलीज हो गया है। सलमान इस गाने में लुंगी पहने दिख रहे हैं। पूजा हेगड़े भी साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। गाने को पूरी तरह से साउथ के बैकग्राउंड पर फिल्माया गया है। सलमान फिल्म किसी का भाई किसी का जान में 'पूजा हेगड़े' के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। किसी का भाई किसी की जान का प्रोडक्शन सलमान खान के ही प्रोडक्शन हाउस ने किया है। यह एक एक्शन पैक्ड फिल्म है, जिसे फरहाद सम्जी ने निर्देशित किया है। सलमान और पूजा के अलावा इस फिल्म में शहनाज गिल, पलक तिवारी, वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल और विनाली भटनागर जैसे सितारे नजर आएंगे।वहीं फिल्म में हनी सिंह और 'आरआरआर' फेम राम चरण का केमियो रोल भी देखने को मिलेगा। किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# ऐश्वर्या राय की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन २ का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की आने वाली फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दक्षिण भारतीय फिल्मकार मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फैंस ऐश्वर्या और विक्रम की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के साथ-साथ उनकी परफॉर्मेंस की खूब तारीफ कर रहे हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन पार्ट 2', 28 अप्रैल 2023 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को तमिल और तेलुगू के अलावा हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म प्रसिद्ध लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के इसी नाम के मशहूर उपन्यास पर आधारित है, इसमें चियान विक्रम, ऐश्वर्या राय बच्चन, कार्थी, जयम रवि और त्रिशा कृष्णन जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'पोन्नियिन सेल्वन 1' वर्ष 2022 रिलीज हुई थी।वर्ल्डवाइड फिल्म ने 450 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया था।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com